तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 जून 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की खुराक





(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़

मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340

पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी

मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561

2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.c. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482, 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


### स्वास्थ्य मंत्री बोले- सुबह 9 से रात 9 बजे तक सप्ताह के सातों दिन मिलेगी डायलिसिस सेवा

# चिरमिरी में डायलिसिस की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

■ जल्द शुरू होंगे सीटी स्कैन और अटल आरोग्य लैब

जिला अस्पताल चिरमिरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 5 बिस्तरीय अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई तथा नवीन प्रथम तल स्थित 30 बिस्तर कक्ष का लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी क्षेत्र के लोगों को अब डायलिसिस जैसी महत्वपूर्ण सुविधा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में शीघ्र ही सीटी स्कैन मशीन जो 8 करोड़ रुपये की लागत से, अटल आरोग्य लैब तथा तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की सुविधा भी शुरू की जाएगी। साथ ही डॉक्टरों के लिए 30 आवासीय क्षमता वाली 9 ब्लॉक की आधुनिक डॉक्टर कॉलोनी का निर्माण तेजी से जारी है, जिसका उद्घाटन अगले वर्ष जून तक प्रस्तावित है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व विधायक दीपक पटेल की डायलिसिस सुविधा के अभाव में हुई असमय मृत्यु ने उन्हें इस दिशा में कार्य करने का संकल्प दिया था। आज उसी संकल्प का परिणाम है कि चिरमिरी में डायलिसिस जैसी अत्याधुनिक सुविधा शुरू हो सकी है। उन्होंने अस्पताल की प्रगति के आंकड़े भी साझा किए। बताया कि पहले अस्पताल में केवल 4 डॉक्टर, 7 नर्सें और 20 से कम कर्मचारी थे, जबकि वर्तमान में 12 विशेषज्ञ चिकित्सक, 75 नर्सें तथा लगभग 140 कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। पहले जहां प्रतिदिन 35 मरीजों की ओपीडी होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 350 तक पहुंच गई है। भर्ती मरीजों की संख्या भी पहले 10 के आसपास रहती थी, जो अब बढ़कर 65 से 70 प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि चिरमिरी में 100 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 100 बिस्तरों का मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य अधोसंरचना विकसित की जाएगी। साथ ही भूकभूकी रोड का डबल लेन निर्माण, पौड़ी-गेल्हापानी बाईपास तथा नई रेल परियोजना के अंतर्गत चिरमिरी, पाराडोल में स्टेशन और मनेंद्रगढ़ में रेल स्टॉपेज जैसी योजनाएं भी क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी।



डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी।



पांच बिस्तरीय तैयार डायलिसिस बेड।

महापौर ने जताया आभार महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। पहले डायलिसिस के लिए मरीजों और उनके परिजनों को दूसरे शहरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय, धन और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध होने से आम जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, सभापति संतोष सिंह, मनीष खटीक, राजकुमार बाधवान, रामौतार, प्रदीप सलूजा, ⏭ शेष पेज 4 पर



# हल्की बारिश में शहर की सड़कें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ मजल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

रविवार सुबह कुछ घंटे धूप खिलने के बाद आसमान में बादल छाने लगे। उमड़ते-घुमड़ते बादलों के बीच दोपहर के समय तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हो गई।

रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद शाम के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत महसूस की। जानकारी के अनुसार जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बारिश होने की सूचना है। इसके एक दिन पूर्व शनिवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हुई थी, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बनी रही। हालांकि दोनों दिनों में कहीं भी झमाझम बारिश नहीं हुई, जिसकी लोग उम्मीद कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से जिले में खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं और खेतों को तैयार करने का काम शुरू कर दिया है।

### थोड़ी बारिश में जलभराव

शहर के मुख्य मार्ग स्कूलपारा में एक स्थान पर थोड़ी सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। इसके कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। खासकर पैदल चलने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क के आधे हिस्से में पानी भरे होने के कारण पैदल चलने वालों को किनारे से होकर गुजरना पड़ता है। यदि समय रहते यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो पूरे बरसात के मौसम में लोगों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का



**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम ₹मन की बात₹ का 135वां एपिसोड रविवार को मंडल शिवपुर-चरचा के बूथ क्रमांक 26 एवं 20 के कार्यकतार्ओं ने संयुक्त रूप से सुना। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से संवाद के माध्यम से साझा किए गए विचारों को कार्यकतार्ओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा में 126 ने दी परीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन शहर के दो परीक्षा केंद्रों में किया गया। आयोजित दोनों परीक्षाओं में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 176 रही, जिसमें 126 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुण्ठपुर में 123 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 84 ने परीक्षा दी और 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय नवीन गर्ल्स कॉलेज परीक्षा केंद्र में 53 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 42 ने परीक्षा दी, जबकि 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बरसात शुरू, लेकिन कई क्षेत्रों की नालियां जाम



नालियों में भरा कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात ने दस्तक दे दी है, लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई अब तक नहीं हो पाई है। नगर पालिका की इस लापरवाही का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कई वार्डों में बरसात पूर्व नालियों की बेहतर तरीके से साफ-सफाई नहीं की गई है। ऐसे में बारिश के दौरान नालियों में पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने के साथ ही लोगों के घरों तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। नगर क्षेत्र की कई नालियां कचरे, प्लास्टिक वेस्ट सहित अन्य गंदगी से भरी हुई हैं। इससे बरसाती पानी की निकासी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। बारिश तेज होने पर पानी के साथ कचरा भी सड़कों पर बहकर आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को पहले से ही जानकारी होती है कि जून माह से बारिश की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। ऐसे में समय रहते शहर की छोटी-बड़ी नालियों की विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जानी चाहिए थी, लेकिन इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई गई। स्थिति यह है कि कई क्षेत्रों की नालियों में कचरा जमा है और कई नालियां सफाई के अभाव में बजबजा रही हैं। ऐसे में बारिश तेज होने पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अम्बिकापुर। लालमाटी यादवपारा निवासी प्रेम पहाड़ी कोरवा आ. स्व. कटन पहाड़ी कोरवा (52 वर्ष) शुक्रवार की शाम बाइक से अकेले बस्ती की ओर घूमने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 लालमाटी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंच घायल को तत्काल निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी,मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में देशभर में सामने आए पेपर लीक के मामलों को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हुई है और लाखों युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो गया है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और जो युवा वर्षों तक मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। नीट सहित कई परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर कर दिया है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें, पेपर लीक के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाए और दोषियों के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री पूनम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। शिक्षा व्यवस्था में लगातार अव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने में लगी हुई है। कांग्रेस शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और पारदर्शी ⏭ शेष पेज 4 पर




# विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत जगतपुर में बीते दिनों पंचायत की विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों एवं प्रस्तावों की जानकारी दी गई। विशेष ग्राम सभा में ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा पिछले वर्ष विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों के नाम, प्राप्त राशि, व्यय राशि एवं कार्यों की अद्यतन स्थिति का वाचन किया गया। पंचायत के तिमाही आय-व्यय की समीक्षा भी की गई। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पंचायत द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं लाभांवितों के नामों का वाचन ⏭ शेष पेज 4 पर




### क्रशर परिसर में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** डुमरखोलो निवासी फर्रेल्लात उर्फ गुलशन (45 वर्ष) ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जून की रात जब वह क्रेशर परिसर में सो रहा था। इसी दौरान मोटर स्टार्टर रूम का ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखने पर तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। शोर मचाने पर तीनों आरोपी मौके से भाग निकले और अपनी स्कूटी घटनास्थल पर ही छोड़ गए। मामले की पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान ग्राम करसी निवासी अमन तिर्की (23 वर्ष) तथा बुढा बगीचा खुटनपारा रोशन एक्का (19 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करने की नीयत से क्रेशर परिसर में प्रवेश करने की बात बताई।

# आस्था, सम्मान और सांस्कृतिक समन्वय का अविस्मरणीय संगम

■ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आयोजित ₹सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा₹ विशिष्टजनों के लिए अविस्मरणीय और गौरवपूर्ण अनुभव साबित हुई।

केंद्र सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं संस्कृति विभाग के संचालक डॉ. संजय कन्नौजे के विशेष प्रयासों से इस भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य पद्म अलंकरण एवं राज्य अलंकरण से सम्मानित विभूतियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजनों को देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन कराना तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ना था। एमसीबी जिले से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार के मार्गदर्शन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सभी विशिष्टजनों को मनेन्द्रगढ़ से विशेष वातानुकूलित बस द्वारा रायपुर रवाना किया गया। इसके बाद राज्य शासन की ओर से विशेष वातानुकूलित ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ यात्रा संपन्न कराई गई।

पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। भजन, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच यात्रा उत्साह और श्रद्धा से सराबोर रही। गुजरात के वेरावल (सोमनाथ) रेलवे ⏭ शेष पेज 4 पर



### बारिश में कीचड़ बनने का खतरा, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

# रेलवे स्टेशन-सरडी नवापारा सीसी सड़क पर मिट्टी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

ग्राम पंचायत सरडी में हाल ही में रेलवे स्टेशन से सरडी नवापारा एवं जूनापारा को जोड़ने वाली सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, ताकि ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। लेकिन सड़क बनने के कुछ ही समय बाद इसकी उपयोगिता पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

सड़क के किनारे स्थित खेतों से निकाली गई मिट्टी आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से सड़क किनारे और कई स्थानों पर सड़क से सटाकर ढेर कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मिट्टी को नहीं हटाया गया तो बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क कीचड़ और फिसलन में बदल जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार किसान खेती-बाड़ी की तैयारी के लिए अपने खेतों की खुदाई कर निकली मिट्टी को कई दिनों से सड़क के किनारे जमा कर रहे हैं। लगातार पड़े इन मिट्टी के ढेरों से सड़क की चौड़ाई भी कम हो गई है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। बरसात के दौरान यही मिट्टी बहकर सड़क पर फैल जाएगी और सीसी सड़क कीचड़ से पट जाएगी, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग पर पूर्व में निर्मित एक पुल भी धंस चुका है। पुल की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों और राहगीरों को पहले से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब सड़क पर जमा मिट्टी की समस्या ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। यदि समय रहते पुल की मरम्मत और सड़क से मिट्टी हटाने का कार्य नहीं किया गया, तो बारिश के दिनों में इस मार्ग से आवागमन करना बेहद कठिन हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से मांग की है कि सड़क पर जमा मिट्टी को तत्काल हटवाया जाए तथा धंसे हुए पुल की मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है ⏭ शेष पेज 4 पर




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बस्तर आम महोत्सव में कृषक राजेंद्र प्रसाद हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बस्तर आम महोत्सव में सूरजपुर जिले के ग्राम कमलपुर निवासी प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के खेत में उत्पादित आम की विदेशी किस्म मियाजाकी तथा उन्नत किस्म गुलाबखास का प्रदर्शन उद्यानिकी महाविद्यालय सिलफिली द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई आम की अनेक उत्कृष्ट किस्मों के मध्य श्री गुप्ता की विदेशी किस्म मियाजाकी एवं गुलाबखास को प्रथम पुरस्कार तथा क्षेत्रीय किस्म दशहरी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री गुप्ता के बागान में विदेशी किस्म मियाजाकी के पौधे अच्छी फलत अवस्था में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस किस्म के आम का मूल्य लगभग 2.5 से 3.0 लाख रूपये प्रति किलो तक है। इस उपलब्धि पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के निदेशक तथा अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा द्वारा श्री गुप्ता को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें सहजन के उत्कृष्ट पौधे भेंट किए गए।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट, छतरी का वितरण



**अम्बिकापुर।** जीईएल चर्च युवा संघ ने विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम करदना के घंटाडीह में सामाजिक सरोकार और मानवता की सेवा के तहत सरपंच धनेश्वरी की उपस्थिति में जरूरतमंद पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट व छतरी वितरित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हवलेश टोप्पो ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जिसे वास्तव में मदद की आवश्यकता है। पहाड़ी कोरवा परिवारों को बारिश और बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह छोटा प्रयास किया गया है। युवा संघ हमेशा मानवता की सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए तत्पर रहेगा। सरपंच धनेश्वरी ने युवा संघ के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि पहाड़ी कोरवा परिवारों को इन सामग्रियों की सख्त जरूरत थी। इस दौरान ओहमस मिंज, धरमपाल केरकेट्टा, ईश्वर कुजूर, मनीष पन्ना, सिलास कुजूर, सुलवन मिंज, पीहु तिग्गा, प्रमोद पन्ना आदि उपस्थित थे।

### पूर्व उपसरपंच ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष के साथ की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत सतपता के पंचायत भवन में सूरजपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार, 26 जून को आयोजित ग्राम सभा की बैठक के दौरान सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव पर विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और मारपीट होने की स्थिति निर्मित हो गई, घटना को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार,शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा में 19 बिंदुओं पर चर्चा की जानी थी। बैठक के दौरान ग्राम सचिव ने वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के रहवासियों की प्रमुख समस्या सीसी सड़क निर्माण का मुद्दा रखा। बताया गया कि केबिनेट मंत्री की अनुशंसा पर सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे ग्राम सभा से अनुमोदित कराया जाना था। इसी दौरान ग्राम सभा में उपस्थित सतपता के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र तथा अन्य लोगों ने मौके पर सीसी सड़क निर्माण होने का विरोध किया। आरोप है कि ग्राम के विकास के हित में सड़क निर्माण का समर्थन कर रहे ग्रामीण विजय कुर्रे से उक्त पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। घटना का बीच-बचाव करने व समझाने पहुंचे आरएसएस कार्यकर्ता सह गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा से भी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र समेत अन्य साथियों ने गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी और विजय शर्मा का कुर्ता भी फाड़ दिया। मारपीट से आहत हुए विजय शर्मा को शरीर के कई हिस्से में चोटें आई हैं। मामले में प्रार्थी विजय शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित दुर्गा यादव एवं उसके पुत्र व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## देर रात तक चला फातिहा खानी का सिलसिला

# सद्भावनापूर्वक मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम, निकली मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जगह-जगह शरबत, पानी से किया गया स्वागत

मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम सद्भावनापूर्वक मनाया गया। इस दौरान नगर में मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने करतब दिखाया। इसके साथ ही चौको पर फातिहाखानी की गई।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था। इस दौरान चौको पर फातिहा खानी का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम की 8वीं, 9वीं और 10वीं मोहर्रम के जुलूस शहर में पूरी शांति, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न हुआ। दसवीं मोहर्रम पर समाज के लोगो ने रोजे रखने के साथ ही मिलाद किया। इसके साथ ही शाम को शहर के विभिन्न हिस्सों से जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में ताजिया व अलम के साथ समाज के लोग शहर में निकले जो मोमिनपुरा चौक पर विशाल जुलूस में तब्दील हो गया। पहलाम के अवसर पर निकला जुलूस महामाया रोड, महामाया चौक होते हुए रात लगभग 11 बजे जयस्तंभ चौक पहुंचा। इसके बाद पैलेस चौक होते हुए सभी ताजिया और अलम के साथ जुलूस देर रात करबला पहुंचा जहां फातिहाखानी के बाद मोहर्रम का समापन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का समाज के लोगों ने जगह जगह शरबत, पानी से स्वागत किया। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। मोहर्रम जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान ने जिला, पुलिस प्रशासन और नगर निगम का आभार व्यक्त करने के साथ ही उन सभी अलमदारों का भी तहेदिल से शुक्रिया अदा किया जिन्होंने कमेटी की अपील और आपसी सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए अपने अलम का आकार सीमित रखा और व्यवस्था बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने कहा कि हम अम्बिकापुर की अमन पसंद और शांति प्रिय जनता का भी दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने हमेशा की तरह आपसी भाईचारे और सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए हमारा सहयोग किया। यदि जुलूस के दौरान किसी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा हुई हो तो मोहर्रम इंतजामिया कमेटी उसके लिए खेद व्यक्त करती है और भविष्य में भी आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की उम्मीद रखती है। इस दौरान ननि सभापति शफी अहमद, पार्षद बाबर इदरीशी, निक्की खान, मोनू खान, परवेज आलम गांधी, मोहर्रम कमेटी के संयोजक मो. हसन खान, अध्यक्ष इरशाद खान, कार्यकारी अध्यक्ष मंजुल खान, सद्दाम खान, फैजान अहमद सहित अन्य मौजूद थे।





चौक पर दुआ मांगे समाज के लोग।

### बिश्रामपुर नगर में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व, शहीदों को किया गया याद



**बिश्रामपुर।** नगर में मोहर्रम का पर्व अकीदत और धार्मिक मान्यता के अनुसार मनाया गया,हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में नगर भर में ताजिए निकाल मातमी जुलूस आयोजित हुए। या हुसैन की सदाओं के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मातम कर इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया। जुलूस के दौरान अखाड़ों ने पारंपरिक युद्ध कलाओं और हैरत अंग्रेज करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। जुलुस में 5 मोहर्रम कमेटी ने हिस्सा लिया। सभी जुलूस अम्बेडकर चौक से मिलकर नगर होते हुए बस स्टेंड में समापन किया गया। जुलूस को सफल बनाने में सदर सलीम खान सेक्रेटरी एजाज अहमद जिम्मी, जलालुद्दीन, उस्मानिया, पप्पू कुरैशी, नौजवान कमेटी से जुल्फी सानू, इमरान, शाहबाज, परवेज, तबरेज, अयान कुरैशी, आमीन, दानिश, शीनू, शाहरुख, मोइन, अकबर व जयनगर कमेटी से कलाम, जावेद, शमीम पलिहा, जाहिद, अफजल, असलम खान, गुलाम मुस्तफा, इमरान, रिंकू, अयान व अन्य उपस्थित रहे।



### शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मोहर्रम पर्व, निकाली गई ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- लोगों ने जगह जगह किया स्वागत

लखनपुर नगर में मोहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में पारंपरिक ताजिया दुल्ला बाबा की सवारी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

जुलूस में आकर्षक ताजियों के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरा। लोगों ने जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। शिवपुरी स्थित कर्बला पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ और साथिया फातिहा खानही के बाद सिरनी बाटी गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। मोहर्रम का पर्व हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। यह पर्व सत्य, न्याय, त्याग और इंसानियत के मूल्यों का संदेश देता है। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस जुलूस ने नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। इस दौरान दुल्ला बाबा की सवारी भी निकली जहां बाबा ने नगर वासियों से मुलाकात की तथा उनके खुशियों और अमन चैन के लिए दुवाएं की। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा तथा वरिष्ठ मौजूद रहे। वहीं एक ओर जहां नगर के स्थानीय इमामबाड़े से ताजिया निकली तो दूसरी ओर जूनाडीह तथा राजकटेल में भी ताजिया निकाली गई। पूरे जुलूस के दौरान डीजे साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई थी। जिसके बाद लोगों का यह कारवां देर रात स्थानीय कर्बला पहुंचा जहां आगे की रस्म अदा की गई। इस दौरान सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नुसरत अली, शराफत अली, मोहर्रम कमेटी सदर गौहर अली, मकसूद हैदर मतीन खान, जानिसार अख्तर, इमरान अंसारी, शेरा खान, जियाउल खान, नादिर हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक की मौत, बाल-बाल बचा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिता के साथ छप्पर की मम्मत कर रहा था बालक, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

पिता के साथ कच्चे मकान के छप्पर को मरम्मत कर रहा बालक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से झुलस गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन बालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी कृष्णव सिंह आ. विजय कुमार सिंह (13 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर अपने कच्चे मकान के छप्पर को पिता के साथ मरम्मत कर रहा था। दोपहर में अचानक मौसम बदलने के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई तभी तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर गिर जिसके चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। गाज की चपेट में आने से बालक अचेत होकर घर के छप्पर से नीचे गिर गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन तत्काल बालक को निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम भाड़ी निवासी प्रभु राम आ. स्व. बागर साय (51 वर्ष) 23 जून को जब पत्नी बकरी चराने तथा परिवार के लोग अपने काम से बाहर गए थे तभी प्रभु राम ने शराब के नशे में कीटनाशक को पी लिया। दोपहर लगभग 2 बजे पत्नी बसंती बाई घर पहुंची तो कीटनाशक का गंध आने पर पति से पूछताछ की। पति ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई तो पत्नी के होश उड़ गए। बसंती बाई ने तत्काल बेटा धरमजीत को बुलाई और बाइक से भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर सूरजपुर अस्पताल भेज दिया जहां ग्रामीण का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज तड़के ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में गायत्री भूमिगत खदान में की गई गेट मीटिंग



**बिश्रामपुर।** नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्ल्यूए)-12 के गठन में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को गायत्री भूमिगत खदान में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े पदाधिकारियों ने जनजागरण अभियान के तहत गेट मीटिंग आयोजित की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में लगातार हो रही देरी से कोयला श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से वेतन समझौता लागू करने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। गेट मीटिंग में संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक एवं आईआर प्रभारी राजेश सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य अशोक सिंह, केंद्रीय मंत्री हेमंत कुमार, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य राजेंद्र प्रधान तथा केंद्रीय मंत्री रन साय सहित खदान के अनेक पदाधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन ने श्रमिकों से एकजुट रहने और एनसीडब्ल्यूए-12 के शीघ्र गठन के लिए चलाए जा रहे जनजागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

### सेवा सेतु केंद्र बना संध्या के लिए सहारा वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

**सूरजपुर।** राज्य शासन द्वारा डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर में संचालित सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से छात्रा संध्या देवांगन को भी वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली है। संध्या ने बताया कि वर्ष 2017 में उनका आधार कार्ड गुम हो गया था। आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने के कारण उन्हें नया आधार कार्ड प्राप्त करने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। सेवा सेतु केंद्र पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या बताई, जिस पर केंद्र के कर्मचारियों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान की गई। समुचित प्रक्रिया के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करते हुए उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय हैं कि सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक सुगम हुई है। सेवा सेतु पोर्टल के अंतर्गत वर्तमान में 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व प्रकरणों से संबंधित सेवाएं, नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र प्रकाशन सहित कई सेवाएं शामिल हैं।



### विधायक भूलन सिंह मरावी ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान किया वरिष्ठों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर



क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठों का सम्मान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम सभी जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को पौधे लगाने का आह्वान किया है।

इसी अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपने सभी मंडलों में जाकर वरिष्ठ के निवास में एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर साल श्रीफल देकर सम्मानित किया है। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने अपने घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातों को मानते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए और दूसरों को भी लगाने के लिए प्रेरित करे। पौधारोपण कार्यक्रम में मंडल प्रभारी संदीप अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा, अजजा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवनंदन सिंह मरावी, नगर पंचायत के पार्षद वीरेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष कंचन श्याम मंडल, जनपद महामंत्री महेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े, देवधर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनारायण तंवर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश साहू उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में विवाद, पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

शराब पीने के बाद पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने न सिर्फ पति पर हमला किया बल्कि देर रात पति को डंडे व पत्थर से जानलेवा हमला कर दी। परिजन घायल पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कदनई लोटाभावना निवासी नेतराम मझवार आ. मतरूम मझवार (50 वर्ष) शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे पत्नी मानकुंवर मझवार (45 वर्ष) के साथ शराब पी रहे थे। शराब के नशे में दोनों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने नशे में धुत पति को पहले डंडे से मारा फिर पत्थल से वार कर कर घर में ही सो गई। इधर सुबह घटना की जानकारी लगने पर पुत्र बंधन ने पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लेकर गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बंधन ने बताया कि माता पिता अक्सर शराब पी कर लड़ाई झगड़ा करते थे लेकिन दोनों में इतना बात बढ़ गया कि पिता को जान गवानी पड़ी। फिलहाल मामले में बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



#### पत्नी भी पति के साथ गई अस्पताल

शराब के नशे में लड़ाई में पति ने अपनी जान तो गंवा दी लेकिन सवेरे जब पत्नी का नशा उतरा तो पति को उठाने का प्रयास की। पति के अचेत स्थिति को देख बेटे संग पति को बचाने अस्पताल पहुंची लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी।

#### विवेचना जारी है

ग्राम कदनई में शराब के नशे में पति पत्नी के बीच मारपीट की सूचना मिली है जहां संदेह है की पत्नी के मारपीट से पति की जान गई है। घटना के संबंध में विवेचना जारी है जिसके बाद आवश्यक करवाई की जाएगी।

-राजेन्द्र मंडावी, एसडीओपी सीतापुर

## लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई विषय के नहीं है टीचर

# शिक्षकों की कमी ने बढ़ाई छात्रों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर।

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। योजनाओं का लाभ जिले के कुछ विद्यालयों के बच्चों का मिल रहा है परंतु जिले में कई ऐसे क्षेत्र है जहां विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से बच्चों के पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। कुछ इस तरह की स्थिति लखनपुर के सबसे पुराने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की है जहां 500 से अधिक बच्चे अध्ययनरत है परंतु पर्याप्त शिक्षक नहीं है। ऐसे में विभिन्न विषयों में पढ़ाई कर रही छात्राओं की न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि शिक्षक की कमी खल रही है। जनपद पंचायत लखनपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो सबसे पुराना विद्यालय माना जाता है और लगभग वर्ष 1978 से संचालित यह विद्यालय पिछले लगभग 48 वर्षों से क्षेत्र में कन्या शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन आज भी यहां कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हो चुकी है, फिर भी राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए नियमित शिक्षक नहीं होने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में पढाई करने वाले कई विद्यार्थी आज पढ़कर के शासन प्रशासनिक और राजनीति के क्षेत्र में अपना अलग पहचान बनाए हैं। बावजूद इसके आज विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नही है जिसका खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर के बाद लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्थान द्वितीय है। परंतु शिक्षक की कमी के कारण अब विद्यालय का परीक्षा परिणाम का स्तर घटा है। पूर्व में पढ़ाई का स्तर अच्छा होने के कारण10 वीं, 12वी का रिजल्ट अच्छा होने से दूरदराज क्षेत्र के बच्चें स्कूल में पढ़ाई का इच्छा रखते थे और बच्चो के एडमिशन के लिए तांता लगा रहता था। वर्तमान में भी 6 से 7 सौ के लगभग बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे है। जिसमें मैनपाट, सलरा, लब्जी, कुनी, नवापारा के बच्चे शामिल है। कुछ बच्चे विद्यालय के समीप छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते है जबकि कई बच्चे रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे है। परंतु विद्यालय में राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित के शिक्षक नहीं होने के कारण अब विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।



# कमल हासन ने बताया अंडरवर्ल्ड और काले धन का कड़वा सच...

**मुंबई।** फिल्म निर्माता कमल हासन ने साल 2017 में एक इवेंट में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड से दूरी क्यों बनाई। उस इवेंट में उन्होंने कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री के अंडरवर्ल्ड से रिश्ते और काले धन का खेल उन्हें बहुत असहज करता था। उन्होंने अपने शब्दों में कहा था, 'मैं वहां नहीं रुकना चाहता था, या तो उससे लड़ूं या फिर डर के आगे झुक जाऊं।' कमल ने बताया कि काले धन से दूर रहने का यह फैसला उन्होंने बहुत पहले अपने भाई के साथ मिलकर लिया था। उन्हें यह प्रेरणा सिनेमैटोग्राफर विंसेंट से मिली थी। 1980 के दशक में 'एक दूजे के लिए' और 'सागर' जैसी हिट फिल्में देने के बाद भी, इसी फैसले की वजह से उन्होंने बॉलीवुड के बजाय ज्यादातर तमिल सिनेमा में अपना करियर बनाया।

## लाइफ Style



# दीपिका

## पहले फराह की सलाह ने बदली राह

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार दीपिका पादुकोण ने साल 2007 में सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से हिंदी सिनेमा में एक धमाकेदार शुरुआत की थी। फराह खान के निर्देशन में बनी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख और दीपिका दोनों ही दोहरे किरदारों (डबल रोल) में नजर आए थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुए अपने एक नए कुकिंग व्लॉग में फराह खान ने बताया कि उन्होंने अपनी खोज यानी दीपिका पादुकोण को उनकी पहली फिल्म 'ओम शांति ओम' के सेट पर उतारने से पहले कितनी कड़ी तैयारी करवाई थी। फराह खान ने बताया कि उन्होंने दीपिका को सीधे कैमरे के सामने खड़ा नहीं किया था। फराह ने कहा, मैंने दीपिका को लॉन्च करने से पहले उसका बहुत ख्याल रखा। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने उसे करीब 3-4 महीनों के लिए अनुपम खेर की एक्टिंग क्लास में भेजा, ताकि वह अभिनय की बारीकियां सीख सके। इसके बाद उसकी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर करने के लिए मैंने उसे कथक डांस की क्लास जॉइन करवाई। हमने फिल्म के किरदारों के लिए उसके कई अलग-अलग लुक टेस्ट भी किए थे। फराह ने आगे एक बेहद दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए बताया, "जब फिल्म की मुख्य शूटिंग शुरू हुई, तो मैंने पहले 10 दिनों तक दीपिका का कोई भी सीन शूट नहीं किया। मैंने उससे साफ कह दिया था कि तुम पहले 10 दिन बस सेट पर आओगी और वहां चुपचाप बैठकर देखोगी कि शाहरुख खान कैसे काम करते हैं और श्रेयस तलपड़े किस तरह दृश्यों को जीवंत बनाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# हाउस ऑफ द ड्रैगन का जलवा बरकरार

**लॉस एंजिल्स।** 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के तीसरे सीजन की शुरुआत धमाकेदार रही है। इसे पहले 3 दिनों में 2.15 करोड़ लोगों ने देखा है। यह संख्या पिछले सीजन के शुरुआती एपिसोड के 2.34 करोड़ व्यूअर्स से थोड़ी कम जरूर है। इसके बावजूद, शो की पकड़ दर्शकों पर बनी हुई है और अब निर्माताओं के चौथे और आखिरी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 1 बना हुआ है सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च- शो का सीजन 1 आज भी सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च माना जाता है। इसने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के खत्म होने के बाद एचबीओ के लिए कई नए रिकॉर्ड बनाए थे।




# फिल्म 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्देशक चार्ली बीन की एनिमेटेड फिल्म 'डोंकी' से जुड़ा सबसे बड़ा अपडेट आ गया है। एनिमेशन फिल्में बनाने वाले ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने यूनिवर्सल पिक्चर्स के साथ मिलकर फिल्म की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया। यह चर्चित एनिमेटेड फिल्म 'श्रेक' (2001) फ्रैंचाइजी की एक स्पिन-ऑफ होगी, जो श्रेक के मजेदार और बड़बोले दोस्त डोंकी की शुरुआती कहानी को दिखाएगी। मशहूर अभिनेता एडी मर्फी एक बार फिर 'डोंकी' के किरदार को अपनी जादुई आवाज देंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुछ दिन पहले 'श्रेक 5' का टीजर जारी करते हुए बताया था कि फिल्म 2027 की गर्मियों में रिलीज किए जाने की योजना है। अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। 'श्रेक 5' की रिलीज के एक साल बाद, यानी 30 जून, 2028 को यह स्पिन-ऑफ सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# हॉलीवुड में मेरा बेस्ट काम अभी बाकी

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा उन गिने-चुने भारतीय कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े हैं। प्रतिष्ठित 'कान लायंस' सम्मेलन में अपने हॉलीवुड सफर पर चर्चा करते हुए प्रियंका ने वैश्विक मंच पर और अधिक विविध काम करने की इच्छा जताई। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हालिया एडवेंचर फिल्म 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय करने के बाद भी उनका कहना है कि पश्चिमी सिनेमा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है। उन्होंने साझा किया कि भारत में उन्होंने बेहतरीन निर्देशकों के साथ हर तरह के जॉनर और किरदारों को जिया है, लेकिन अमेरिका में अंग्रेजी भाषा के काम में वे अभी तक वैसी विविधता नहीं ला पाई हैं।



# मिर्जाः द मूवी में दिखेंगे खूंखार अवतार

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द मूवी' के नए कैरेक्टर पोस्टर सामने आ गए हैं। इन पोस्टरों में फैंस को जितेंद्र कुमार, अभिषेक बनर्जी और रवि किशन के किरदारों की पहली झलक देखने को मिली है। इससे पहले एक टीजर भी आया था, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया जैसे आइकॉनिक किरदार दोबारा दिखाए गए थे। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बढ़ गया है। जितेंद्र बबलू पंडित के किरदार में हैं और वे हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी एक बार फिर इंटेंस कंपाउंडर के रूप में लौट रहे हैं, वहीं रवि किशन बबन बबुआ बनकर एक दमदार अवतार में दिखेंगे। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 20': चारू ने क्यों ठुकराया सलमान का शो? कारण छू लेगा दिल

**मुंबई।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस सीजन 20' को लेकर सोशल मीडिया पर हलचल शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस साल शो सितंबर के आखिर तक टीवी पर वापसी कर सकता है। निर्माताओं ने जानी-मानी हस्तियों को शो में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। अभिनेत्री चारू असोपा को भी प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकारने की बजाए ठुकरा दिया। उन्होंने इसका कारण भी खुद बताया है। चारू ने अपने व्लॉग में लिखा, '2 दिन पहले मुझे 'बिग बॉस' से कॉल आया था, लेकिन मैंने अपनी जिंदगी में जो भी बदलाव किए हैं, वे सब जियाना के लिए हैं। मैं उससे दूर नहीं रहना चाहती। मेरा मकसद ऐसा काम करना है जिससे मैं उसके साथ समय बिता सकूं और एक मां के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभा सकूं।' उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं नहीं निभाना चाहेंगी, जिनके लिए उन्हें अपनी बेटी से दूर रहना पड़े।

***बेटी के पास रहते हुए काम करना चाहती हैं अभिनेत्री :*** चारू ने आगे बताया कि अगर उन्हें काम के चलते अपनी बेटी से दूर रहने में दिक्कत नहीं होती, तो वह मुंबई नहीं छोड़तीं। उनकी जिंदगी जियाना के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटी की सभी आकांक्षाओं को पूरा करना चाहती हैं। बता दें, चारू की शादी सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन से हुई थी। हालांकि जून, 2023 में दोनों का तलाक हो गया था। अभिनेत्री अपनी बेटी की परवरिश अकेली मां बनकर कर रही हैं।

## रियलिटी शो 'अलायंस' में सोहेल होंगे शामिल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोहेल खान प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'अलायंस' में वाइल्डकार्ड एंट्री लेने जा रहे हैं। वे इस शो के पहले वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में शामिल हुए हैं। कुणाल इस शो को होस्ट कर रहे हैं, जिसमें 16 सेलिब्रिटीज को जोड़ियों में बांटा जाता है। इन जोड़ियों को कई चीजों से होकर गुजरना पड़ता है। हालांकि, सोहेल पहले भी कई शोज को जज कर चुके हैं, लेकिन रियलिटी टीवी पर बतौर प्रतियोगी यह उनकी पहली एंट्री होगी। सोहेल की एंट्री अगले हफ्ते टेलीकास्ट होगी। इससे डैजी शाह-जैद दरबार और कुशाल टंडन-अर्स्लान गोनी जैसी पहले से मौजूद जोड़ियों के बीच एक नया ट्विस्ट आएगा। खास बात यह है कि सोहेल की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह के भी शो में शामिल होने की अफवाहें हैं। ऐसे में लगातार फिल्माए जा रहे 'सेफ रूम' के उन लम्हों में क्या नया ड्रामा होगा, इसे देखने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक हैं। बनजय एशिया द्वारा निर्मित यह शो 'अलायंस' अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

# 'धर्मन' के लिए कसी कमर जबरदस्त है थलाइवा का अंदाज



**मुंबई।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का आधिकारिक नामकरण हो चुका है। इसे 'धर्मन- द डेडली डॉक्टर' शीर्षक दिया गया है। हाल ही में निर्माताओं ने इस ऐलान के साथ अभिनेता की पहली झलक भी सोशल मीडिया पर जारी की थी। अब ताजा अपडेट है कि सुपरस्टार ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उनका एक और पोस्टर जारी किया गया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है। उनका यह अंदाज एक ऐसे डॉक्टर की एक्शन से भरपूर कहानी की तरफ संकेत देता है, जिसका एक खतरनाक विद्रोही पक्ष भी है।

### डॉक्टर के लुक में दमदार दिखे रजनीकांत

राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत का पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता डॉक्टर का खून से लथपथ कोट हाथ में पकड़े हुए हैं। दूसरे हाथ में उनका पहचान पत्र है, जबकि गले में स्टेथोस्कोप पड़ा हुआ है और जमीन पर कई सारी बंदूक की गोलियां बिखरी हुई हैं।

### रजनीकांत और कमल हासन की एक साथ वापसी

निर्माता कमल हासन ने 'थलाइवर 173' का ऐलान इसी साल जनवरी में किया गया था। इसके जरिए वह और रजनीकांत पेशेवर तौर पर करीब 47 साल बाद साथ में आ रहे हैं। दोनों की आखिरी फिल्म 'अल्लाउदीनम अर्पुथा विलाक्कुम' (1979) में आई थी। राशि खन्ना भी फिल्म में शामिल हो चुकी हैं और कुछ दिन पहले उन्होंने सेट से मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं। इस परियोजना के निर्देशन की कमान अश्वथ मारिमुथु ने संभाली है।

# 'वेलकम 2 द जंगल' की कमाई से होगी वीर नारियों की मदद, निर्माता ने किया ऐलान...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्माता फिरोज ए नाडियाडवाला ने देशभक्ति और इंसानियत की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी इस फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की विधवाओं (वीर नारियों) के कल्याण के लिए दान करने का एक बेहद नेक और बड़ा संकल्प लिया है।




### नाडियाडवाला का दिल जीतने वाला संकल्प

फिरोज ने ऐलान किया कि फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की वीर नारियों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा। ये राशि इस दिशा में काम करने वाले संगठनों को दी जाएगी। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की कहानी भी भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें मुख्य किरदार शुरुआत में आर्मी अफसर बनने का नाटक करते हैं, लेकिन बाद में देश की मदद के मिशन में जुट जाते हैं।

### *फिरोज की फिल्म निर्माताओं से अपील*

*फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी सिर्फ बड़ी कंपनियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की होती है। उनका मानना है कि सभी को एक-दूसरे की मदद कर दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य दूसरे फिल्म निर्माताओं को भी प्रेरित करना है। फिरोज ने सभी निर्माताओं से अपील की कि वे अपनी फिल्मों की कमाई का कुछ हिस्सा एनजीपी, खासकर अनाथ लड़कियों की मदद करने वाली संस्थाओं को दान करें।*

# 'अल्फा' से 'ईथा' तक, बॉलीवुड में महिला प्रधान फिल्मों का होगा बड़ा धमाका...

**मुंबई।** बॉलीवुड में जल्द ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनकी कहानी महिला प्रधान किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, क्राइम और बायोपिक जैसी कई कहानियां देखने को मिलेंगी। आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' से लेकर श्रद्धा कपूर की 'ईथा' तक कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं।

### 'अल्फा', 'ईथा' और 'बेबी डू डाई डू'

स्पाई-एक्शन फिल्म 'अल्फा' में मुख्य किरदार में आलिया और शरवरी हैं। यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'ईथा' महाराष्ट्रीयन तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर अधारित है। इसमें श्रद्धा मुख्य भूमिका में है। यह फिल्म 28 अगस्त रिलीज होगी। फिल्म 'बेबी डू डाई डू' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण हुमा कुरैशी ने किया है और इसमें उन्होंने अभिनय भी किया है।



### 'शक्ति शालिनी' 'दायरा' और' मायसा'

मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2027 के शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' 18 सितंबर को रिलीज होगी। इसमें करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मायसा' साल 2026 के अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रश्मिका मंदाना एक बिल्कुल नए और दमदार किरदार में नजर आएंगी।

# 'वेलकम 4' में फिर जमेगी नाना पाटेकर और अनिल कपूर की जोड़ी ...



मुंबई। 'वेलकम टू द जंगल' में नाना पाटेकर और अनिल कपूर नजर नहीं आए, जिससे फैंस को उनकी कमी खली, लेकिन अक्षय कुमार ने एक उम्मीद भरी बात कही है। उन्होंने इशारा दिया है कि अगर कभी 'वेलकम 4' बनी, तो आप उन सबको साथ देख पाएंगे। ये दोनों कलाकार पुरानी 'वेलकम' फिल्मों के चहेते रहे हैं, इसलिए उनके दोबारा एक साथ आने की खबर ने सबको उत्साहित कर दिया है।

*निर्देशक अहमद ने कही ये बात :* निर्देशक अहमद खान ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वे नाना और अनिल दोनों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि नाना खुद ही फिल्म के बारे में जानकारी लेते रहते थे, जबकि अनिल ने कहा था कि वे दोबारा उनके साथ काम करना पसंद करेंगे। इस फिल्म में सुनिल शेट्टी, अरशद वारसी, परेश रावल, दिशा पटानी और लारा दत्ता भी हैं।

## खबर संक्षेप

### थाने के अंदर कमरे में आरक्षक की मौत



राजपुर। थाना के अंदर मौजूद कमरे में आरक्षक की मौत से हड़कंप मच गया है। आरक्षक का शव सुबह कमरे में अचेत अवस्था में पाया गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। इसके साथ ही पुलिस महकमें में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरक्षक पीलिया से ग्रसित थे और उपचार के बाद ड्यूटी पर ज्वाइन की थी। आरक्षक की पीएम रिपोर्ट में भी अब तक सामान्य बताई गई है। बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले के भफौली निवासी 56 वर्षीय जुगन साय पैंकरा आ. धर्मजीत पैकरा पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और 2024 से वे राजपुर थाने में ड्यूटी करते थे। आरक्षक जुगन साय पैकरा राजपुर थाना भवन के ऊपर बने कक्ष कमांक 3 में रहते थे। शुक्रवार की रात भी वे अपने कमरे में सोने के लिए गए हुए थे। अब तक की जांच के अनुसार थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि 4 बजे भोज में आरक्षक जुगन साय ने आरक्षक दिलीप यादव से पानी मंगवाया था। दिलीप यादव के अनुसार आरक्षक ने फोन कर पानी मांगा था और जब वह पानी लेकर कमरे में पहुंचा तो आरक्षक के कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। दिलीप यादव कमरे में पानी रखकर वापस लौट आया। शनिवार की सुबह 10 बजे तक आरक्षक कमरे से बाहर नहीं निकले जिसके बाद शंका के आधार पर प्रधान आरक्षक अनिल पैकरा उन्हें देखने के लिए पहुंचे जहां आरक्षक जुगन साय पैकरा अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। प्रधान आरक्षक ने घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी।

### महापौर के आवेदन पर एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। नगर निगम महापौर के कथित वायरल ऑडियो के मामले में जांच व एफआईआर की मांग को लेकर कांग्रेस ने ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व अजाक थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि पिछले दिनों नगर की महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष का लेनदेन से जुड़ा एक ऑडियो वायरल हुआ था। इस वायरल ऑडियो के मामले में हमने भी एसआईटी का गठन कर जांच की मांग की थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी इस संबंध में आवेदन देकर जांच की मांग की थी लेकिन अब तक एफआईआर नहीं किया गया। इसी संबंध में हमने अजाक थाना में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि अजाक थाना प्रभारी का कहना है कि ऑडियो के प्रकरण की जांच उनके थाने से नहीं हो सकती। यह आवेदन उनके क्षेत्राधिकार में नहीं है। इस प्रकरण को एसपी कार्यालय भेजा जाएगा और एसपी द्वारा सम्बन्धित थाने से मामले की जांच कराई जाएगी।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, कोरिया में 341 बूथ बनाए गए

# बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की खुराक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर स्थित टीकाकरण केंद्र में कलेक्टर रोक्तिमा यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की।

कलेक्टर यादव ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 34,129 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिलेभर में 341 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर मॉप-अप अभियान के तहत पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और सभी बच्चों को पोलियो वायरस से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनीत बख्ला, आरएमओ डॉ. कार्तिकेय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य टीम, अभिभावक एवं नागरिक उपस्थित रहे।



बच्चों को दवा पिलाती कलेक्टर।

### चिरमिरी में जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, महापौर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बच्चों को पिलाई दवा

डोमनहिल। राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत आज चिरमिरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक की ₹दो बूंद₹ पिलाकर अभियान की शुरूआत की, कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवनीश खरे, सिविल सर्जन डॉ. राजेंद्र राय बीएमओ डॉ मनीष सिंह ,जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल , आयुष्मान आरोग्य मंदिर नोडल अधिकारी अवनीश पाण्डेय , बीपीएम राजकुमार रजवाड़े उपस्थित रहे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में पार्षद मनीष खटिक, नरेंद्र साहू, रीत जैन के साथअस्पताल प्रबंधक विरेन्द्र साव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। जिले में बनाए गए 542 बूथ, तीन दिवसीय चलेगा अभियान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरे जिले में कुल



542 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन इन निर्धारित बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी ताकि कोई भी बच्चा सुरक्षा चक्र से बाहर न रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवनीश खरे ने कहा, ₹भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है।

### बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की

बरबसपुर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। ग्राम पंचायत उजियारपुर, जगतपुर, लोहारी और सोनबरसा में अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। इसी क्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र बरबसपुर में भी पल्स पोलियो अभियान 2026 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां जनपद सदस्य रीना अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे को निर्धारित समय पर पोलियो की खुराक दिलाना जरूरी है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई।



# कलेक्टर ने पेंशन, राशन, बिजली की सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

जिले की कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने सोनहत ब्लॉक के ग्राम बड़गांव की बुजुर्ग आवास हितग्राही जुकमन बाई के घर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने रसोई घर में जाकर, जुकमन बाई के हाथों से बनी करेला की सब्जी का स्वाद लिया, कलेक्टर ने कहा बहुत स्वादिष्ट सब्जी बनी है। बातचीत के दौरान कलेक्टर के साथ पुराने दिनों की यादें साझा कीं। जुकमन बाई ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने के बाद उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुकूनभरा हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले कच्चे घर में सांप और बिच्छू का डर हमेशा बना रहता था, लेकिन अब पक्के मकान में यह चिंता नहीं रही। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी वे मिट्टी के बर्तन में भात बनाती हैं, जिससे भोजन का पारंपरिक स्वाद बना रहता है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने जुकमन बाई से राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने आत्मीयता से कहा, 'अम्मा, किसी भी समस्या या जरूरत की बात बेझिझक खुलकर बताइए। इसके बाद कलेक्टर ने घर के प्रत्येक कमरे का निरीक्षण किया। घर की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और जुकमन बाई की सराहना की। करीब आधे घंटे तक चली इस आत्मीय मुलाकात में दोनों के बीच पुरानी बातों और जीवन के अनुभवों पर भी चर्चा हुई। श्रीमती जुकमन बाई ने रोक्तिमा यादव को आशीर्वाद दिया, तो कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिलता रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। इसी तरह सोनहत ब्लॉक के ग्राम लटमा में निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास का कलेक्टर ने निरीक्षण किया साथ ही हितग्राहियों से कहा समय पर मकान पूर्ण करें, हितग्राही ने मुस्कराते हुए कहा एक से डेढ़ माह के भीतर आवास तैयार हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।



# बिना सूचना के 8 घंटे तक काट रहे बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

## ठेकेदार और अधिकरियों की मनमानी से लोगों में रोष

बिजली विभाग की लापरवाही और गुंडों की शक्ल में पैदा हो आए बिजली ठेकेदारो ने शहर की विद्युत व्यवस्था का कबाड़ा करके रख दिया है। ठेकेदार और अधिकारी बिना किसी सूचना के भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती कर लोगों को परेशान करने का काम कर रहे है। बड़ी बात यह है कि इसकी पहले से जनता को कोई सूचना तक नहीं दी जा रही है। शहर के गोधनपुर क्षेत्र में भी शनिवार को मेंटेनेन्स के नाम पर सुबह 11 बजे से देर शाम करीब 7 बजे तक लगभग साल से आठ घंते तक बिजली काटकर शरहवासियों को खासी परेशानी में डाला गया। प्रचंड गर्मी से बेहाल शहरवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 में विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर सुबह लगभग 11.30 बजे पूरे क्षेत्र की लाईट काट दी गई। जहां इस प्रचंड गर्मी में लोग पूरे सात-आठ घंटे बिजली के इंतजार में छटपटाते रहे वहीं बूंद-बूंद पानी को तरस गए। पेटी कांट्रेक्ट के लिए ठेकेदार के पास न तो मैन पॉवर था और ना ही मेन्टेनेंस के लिए जरूरी उपकरण व सुविधाएं। ऐसे में ठेकेदार की मनमर्जी को वार्डवासी भुगतते रहे। शाम को जब कार्यस्थल पर ठेकाकर्मी पहुंचा तो वार्डवासियों ने अपना विरोध दर्ज किया। ठेकेदार वार्डवासियों की नाराजगी को दूर करने के बजाए लोगों से दुर्व्यवहार करने लगा। लोगों ने कहा कि आपको इतनी लंबी लाईन काटनी थी तो अखबारों में इस बाबत सूचना देनी थी इस पर ठेकाकर्मी उल्टा वार्डवासियों से बदतमीजी करते हुए कहा सूचना देने का काम विभाग के एई. और ईई का है जाकर उनसे बहस करो। बिजली ठेकाकर्मी के इस व्यवहार के बाद वार्डवासी भड़क उठे। वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। वार्डवासियों के दबाव में ठेकाकर्मी लाईन जोड़ने को विवश हुआ। 7-8 घंटे बाद बिजली आने पर लोगों ने जैसे ही मोटर चालू कर पीने का पानी भरना शुरू ही किया था कि फिर से फाल्ट आ गया। वार्डवासी दुबारा इकट्ठा होकर ठेका कर्मियों पर दबाव बनाया तब जाकर पुनः लाईन सुधारा गया। ठेकाकर्मी ने तो हाथ ही खड़ा कर दिया था कि अब जो काम होगा वह कल किया जाएगा। इस बात पर दोबारा वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कुल मिलाकर पेटी कांट्रेक्टर के शक्ल में लगभग डेढ़ दो सौ अनुभवहीन ठेकेदार शहरवासियों के लिए सिर दर्द बन गए है। शहर के विद्युत व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। इनके सामने विद्युत विभाग के अधिकारी भी कहीं न कही बेबस नजर आ रहे हैं।



### पार्षद को दी थी सूचना

पार्षद की पहल पर केबल बदलने का कार्य चल रहा था। इसकी सूचना पार्षद को दी गई थी। महेश्वर मंदिर और कत्था फैक्ट्री ट्रांसफार्मर बंद था। ट्रांसफार्मर बंद होने की सूचना नहीं दी जाती। फीडर बंद होने की सूचना दी जाती है।

-अक्षय कुमार, एई. सीएसईबी

### तात्कालिक सूचना पर काटी लाइट

समस्याओं को देखते हुए तार बदलने का कार्य कराया जाना था लेकिन विद्युत विभाग की टीम मेरे पास अचानक आई। टीम ने तात्कालिक सूचना पर लाइट काटा। इतने लंबे समय तक लाइन काटने से वास्तव में वार्ड वासियों को परेशानी हुई।

-शिव मंगल सिंह, वार्ड पार्षद

# नीट पेपर लीकः कांग्रेस ने किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बैकुण्ठपुर द्वारा 27 जून को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुण्ठपुर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के संबोधन का प्रसारण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर राहुल गांधी के संबोधन को सुनने के लिए कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीट परीक्षा में अनियमितताओं और युवाओं के भविष्य को लेकर चर्चा की गई।



# आदिवासी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

श्री सत्य साईं आदिवासी महिला स्वास्थ्य सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बेनीबहरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान गंभीर बीमारियों से पीड़ति महिलाओं की पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार के लिए श्री सत्य साईं सेवा संस्थान के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था की जानकारी भी दी गई।

शिविर का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। शिविर में डॉ. योगेश धनवार, डॉ.गणेश प्रजापति, डॉ. शीतल प्रजापति, राममिलन जायसवाल, श्यामजी ताम्रकार, बृजेश प्रजापति, आर.के. द्विवेदी, नर्मदा सिंह एवं प्रदीप पांडे ने अपनी सेवाएं प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, पार्षद अन्नू देवी, लक्ष्मी शुक्ला, कलावती सिंह एवं नमिता कोल की विशेष उपस्थिति रही। वहीं साईं सेवा समिति के जिला अध्यक्ष जी.एस. तिवारी के नेतृत्व में रविन्द्र शुक्ला, विनय शुक्ला, अभिलाषा शुक्ला, संजय सिंह परमार, लखनलाल पनिका, विनोद कुमार कुशवाहा, तारा देवी साहू, रूपा पाव, भगवान दास द्विवेदी, देवेंद्र द्विवेदी, संतोष साहू, बिसाहू साहू, रूपा रावत, ओमप्रकाश सिंह परिहार, तुलसी पनिका, छांगू प्रसाद साहू, तारादास साहू सहित अनेक कार्यकतार्ओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के समापन पर ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### चिरमिरी में डायलिसिस...

नरेंद्र साहू, राजू नायक, बबलू शर्मा, बीएमओ खड़गवां मनीष सिंह, सीएस चिरमिरी, सीएस मनेंद्रगढ़ डॉ स्वप्निल तिवारी, श्रीपत राय, काकू अरोरा, एल्डरमैन, महिला विंग की पदाधिकारी, अभय जायसवाल, पार्षद बाबी, पार्षद पूजा, पार्षद गंगा साहू, संजय जैन, जीवनदीप समिति के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रतिमा बड़ात्या, एमआईसी सदस्य, सजल भट्टाचार्य, डॉ. गौतम विश्वास, पार्षद देवकरण सिंह, अरविंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जल्द शुरु होंगे अटल आरोग्य लैब - सीएस ने बताई आगामी योजनाएं कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेंद्र राय ने बताया कि अस्पताल में जल्द ही अटल आरोग्य लैब, सीटी स्कैन सुविधा तथा आगामी दो माह में नई ऑपरेशन थिएटर सेवाएं शुरू करने की दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है।

### भाजपा सरकार ने...

परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग करती है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि हर पेपर लीक लाखों परिवारों के सपनों को तोड़ देता है। भाजपा सरकार को युवाओं से माफी मांगनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में किसी भी परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल न उठे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष रामनरेश पटेल ने कहा कि गरीब, किसान और ग्रामीण परिवारों के बच्चे कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण उनकी वर्षों की मेहनत एक झटके में बर्बाद हो जाती है। यह युवाओं के साथ अन्याय है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा ध्यान युवाओं को रोजगार और सुरक्षित भविष्य देने के बजाय अपनी राजनीतिक छवि बचाने में लगा है। बार-बार होने वाले पेपर लीक यह साबित करते हैं कि सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित रखने में असफल रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें।

### विशेष ग्राम सभा...

सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी ग्राम सभा में रखीं, जिनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच बुधराम सिंह, उप सरपंच सुभाष सिंह, पंचगण, सचिव आसिफ राजा व रज्जू सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सामुदायिक भवन निर्माण की मांग-
ग्राम पंचायत जगतपुर की विशेष ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र की महिलाओं ने सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। महिलाओं ने दिए गए आवेदन में बताया कि पंचायत में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण उन्हें पंचायत भवन में बैठक करनी पड़ती है। वहीं बरसात के दौरान सोसायटी का चावल रखे जाने से बैठक करने में परेशानी होती है। कई बार पंचायत एवं महिलाओं की बैठक एक ही दिन होने पर उन्हें किसी के घर में बैठक करनी पड़ती है।

### आस्था, सम्मान और...

स्टेशन पहुंचने पर गुजरात सरकार ने ढोल-नगाड़ों लोकनृत्य एवं पारंपरिक स्वागत के साथ सभी विशिष्टजनों का आत्मीय अभिनंदन किया। इसके बाद वातानुकूलित बसों से होटल पहुंचाकर ठहरने एवं भोजन की उच्चस्तरीय व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। अगले दिन यात्रियों ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ त्रिवेणी संगम, बाणस्तंभ, समुद्र तट एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। शाम को विशेष दर्शन, भव्य आरती, लेजर शो एवं मंदिर के गौरवशाली इतिहास की जानकारी ने सभी को भावविभोर कर दिया।

### रेलवे स्टेशन-सरडी...

कि लाखो रुपये की लागत से बनी सड़क का लाभ तभी मिलेगा, जब उसका नियमित रखरखाव भी किया जाए। यदि संबंधित विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो बारिश के मौसम में यह सड़क दुर्घटनाओं और परेशानी का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि नई बनी सड़क विकास की पहचान है, लेकिन उसकी सुरक्षा और रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलती रहे।ग्रामीणों का कहना है कि मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यदि सड़क किनारे रखी मिट्टी को शीघ्र नहीं हटाया गया, तो पहली ही तेज बारिश में मिट्टी बहकर पूरी सीसी सड़क पर फैल जाएगी। इससे सड़क फिसलन भरी हो जाएगी और वाहन चालकों के नियंत्रण खोने की आशंका बढ़ जाएगी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन से निर्मित इस सीसी सड़क का उद्देश्य लोगों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराना था, लेकिन यदि समय रहते सड़क पर जमा मिट्टी नहीं हटाई गई और धंसे हुए पुल की मरम्मत नहीं हुई, तो सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। इससे शासन की विकास योजनाओं पर भी सवाल खड़े होंगे। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और संबंधित विभाग से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल सड़क से मिट्टी हटाने, धंसे हुए पुल की मरम्मत कराने तथा भविष्य में इस तरह सड़क पर मिट्टी डालने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान कर दिया जाए तो बरसात के दौरान किसी भी बड़ी दुर्घटना या जनहानि की आशंका को टाला जा सकता है।

